**Dr. B.R. Ambedkar University of Social Sciences**
(State University, Government of M.P.)
Dr. Ambedkar Nagar (Mhow) – 453441, Indore (M.P.), India
Phone : (07324) 274377, Fax : (07324) 272350
**डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय**
(राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश शासन)

क्रमांकः ब्राउस/कु.स./ 2024/1960 दिनांक : 28.03.2024

## संशोधित आदेश

MP Task पोर्टल पर छात्र–छात्राओं की छात्रवृत्ति संबंधि आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है। म.प्र. शासन के अनुसार दिनांक 29.03.2024 से 31.03.2024 तक अवकाश होने से कार्यालय बन्द रहेगा। मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय काय्र तथा अनुसूचित जाति कलयाण विभाग, के आदेश क्रमांक 2024 दिनांक 25.03.2024 के अनुसार छात्रवृत्ति से संबंधित छात्र–छात्राओं की समस्याओं एवं सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण इसी वित्तीय वर्ष में किया जाये। साथ ही प्रदेश के सभी कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में लंबित प्रकरणों की एक्सेल में सूची जारी की गई है, जिसके सरल क्र. 3436, 3437 एवं 3446 पर विश्वविद्यालय का भी नाम है।

अतः शासनादेश एवं विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को MP Task पोर्टल पर आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु दिनांक 29.03.2024 से 31.03.2024 तक छात्रवृत्ति शाखा के नोडल अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी कार्यालय में पूर्ण दिवस उपस्थित रहेंगें।

यदि छात्र–छात्राओं द्वारा निराकरण नहीं होने की शिकायत प्रस्तुत की जाती है तो इसके लिये नोडल अधिकारी एवं विभाग में कार्यरत कर्मचारी जिम्मेदार होगें। इस संबंध में नोडल अधिकारी एवं विभाग में कार्यरत कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार,**

**सहायक कुलसचिव**
**स्थापना**

**प्रतिलिपि :–**

1. कुलपति के निज सचिव ब्राउस माननीय कुलपति महोदय की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक विभाग की ओर सूचनार्थ।
4. नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति शाखा, ब्राउस की ओर पालनार्थ हेतु सूचनार्थ।
5. छात्रवृत्ति शाखा के समस्त कर्मचारियों की ओर पालनार्थ हेतु सूचनार्थ।
6. समस्त छात्र–छात्राओं की ओर सूचनार्थ।

**सहायक कुलसचिव**
**स्थापना**